Seat No. : _______________

# MB-214

**May-2025**

**M.A, Sem.-II**

**408 : Hindi**

**(हिन्दी भाषा : स्वरूप और विकास)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए । 14

**अथवा**

1. खड़ी बोली के उद्भव पर प्रकाश डालते हुए उसकी विकासयात्रा स्पष्ट कीजिए । 14

2. हिन्दी की उप-भाषाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए अवधी और ब्रजभाषा की चर्चा कीजिए । 14

**अथवा**

2. हिन्दी की प्रमुख बोलियों का वर्गीकरण करते हुए उनके क्षेत्र समझाइए । 14

3. अर्थ विज्ञान की अवधारणा एवं स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसकी महत्ता पर प्रकाश डालिए । 14

**अथवा**

3. अर्थ परिवर्तन की दिशाएँ सोदाहरण समझाइए । 14

4. व्युत्पत्ति की दृष्टि से हिन्दी की शब्द-रचना को सोदाहरण समझाइए । 14

**अथवा**

4. उपसर्ग, प्रत्यय और समास के माध्यम से शब्द रचना की विविध रीतियाँ सोदाहरण समझाइए । 14

5. योग्य विकल्प चुनकर किन्हीं **सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 14

(1) डॉ. भोलानाथ तिवारी खड़ी बोली का जन्म प्राय: कब से मानते हैं ?

(a) 700 ई. के बाद (b) 800 ई. के बाद
(c) 900 ई. के बाद (d) 1000 ई. के बाद

(2) महात्मा गाँधी ने हिन्दी के किस रूप की हिमायत की थी ?

(a) हिन्दुस्तानी (b) परिनिष्ठित हिन्दी
(c) मानक हिन्दी (d) साहित्यिक हिन्दी

(3) खड़ी बोली के लिए 'कौरवी' शब्द का प्रयोग किसने किया है ?

(a) सुनीत कुमार चटर्जी (b) भोलानाथ तिवारी

(c) डॉ. ग्रियर्सन (d) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा

(4) कन्नौजी और बुंदेली हिन्दी के किस उपभाषा वर्ग की बोलियाँ हैं ?

(a) बिहारी हिन्दी (b) पहाड़ी हिन्दी

(c) पूर्वी हिन्दी (d) पश्चिमी हिन्दी

(5) अमेठी, सुलतानपुर, बाराबंकी, अयोध्या और गोंडा जिला किस बोली–क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ?

(a) ब्रज (b) कन्नौजी

(c) बुंदेली (d) अवधी

(6) ब्रजभाषा के क्रियापद में किसका प्रयोग होता है ?

(a) ओकारांत (b) आकारांत

(c) इकारांत (d) इनमें से कोई नहीं

(7) ध्वनियों के मेल से बने सार्थक वर्ण समूह को क्या कहते हैं ?

(a) प्रोक्ति (b) शब्द

(c) उपसर्ग (d) कारक

(8) 'शब्द' जब वाक्य में प्रयुक्त होने के योग्य बन जाता है तो उसे क्या कहते हैं ?

(a) अर्थ (b) ध्वनि

(c) कारक (d) पद

(9) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अर्थ विस्तार का उदाहरण है ?

(a) प्रवीण (b) असुर

(c) जलज (d) मृग

(10) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है ?

(a) काजल (b) पुष्प

(c) मोर (d) पोखर

(11) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द योगरूढ़ नहीं है ?

(a) पुस्तकालय (b) दशानन

(c) नीलकण्ठ (d) लम्बोदर

(12) 'आजन्म' और 'प्रतिदिन' में कौन सा समास है ?

(a) द्वंद्व समास (b) अव्ययीभाव समास

(c) बहुव्रीहि समास (d) तत्पुरुष समास